विरोध

एसएच-10 पर बच्चों व महिलाओं के आवागमन को लेकर उठ रहे सवाल, भड़का आक्रोश

# स्टेट हाईवे किनारे शराब कारोबार से बिगड़ रहा माहौल



**मानपुर, उमरिया 5 अगस्त।** एक तरफ स्टेट हाईवे एसएच-10 पर दिनभर दौड़ते वाहन, स्कूल जाते बच्चे, बाजार निकलती महिलाएं और अपने काम से गुजरते हजारों लोग, दूसरी तरफ इसी प्रमुख मार्ग पर संचालित शराब की दोनों दुकानें और उनके आसपास कथित जमावड़े को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है।

मानपुर में शराब कारोबार अब केवल बिक्री तक सीमित मुद्दा नहीं रह गया है। एसएच-10 पर दोनों शराब दुकानों की स्थिति और इनके आसपास कथित रूप से बनने वाले माहौल को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों का कहना है कि शराब दुकान का लाइसेंस अपनी जगह है, लेकिन क्या लाइसेंस के साथ सार्वजनिक मार्ग, यातायात और आसपास के नागरिकों की सुविधा की जिम्मेदारी भी खत्म हो जाती है?स्थानीय लोगों के मुताबिक शराब दुकानों के आसपास अक्सर खरीदारों का जमावड़ा दिखाई देता है। कुछ लोगों द्वारा वहीं शराब सेवन किए जाने की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। क्या स्टेट हाईवे के किनारे शराब दुकान के आसपास सार्वजनिक रूप से शराब सेवन की स्थिति को रोकना जिम्मेदार विभागों की प्राथमिकता नहीं होनी चाहिए?

राहगीरों का कहना है कि उन्हें इसी मार्ग से होकर निकलना पड़ता है। ऐसे में शराब दुकानों के आसपास बनने वाला कथित माहौल आम लोगों के लिए असहज स्थिति पैदा कर सकता है। सबसे ज्यादा चिंता उन अभिभावकों की है जिनके बच्चे रोजाना इसी मार्ग से स्कूल आते-जाते हैं। जिस उम्र में बच्चों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिलना चाहिए, उसी रास्ते पर शराब दुकानों के आसपास कथित जमावड़ा और शराब सेवन का दृश्य उन्हें दिखाई दे—क्या यह सामान्य स्थिति मानी जा सकती है?

**पैकारी का भी लगाया गया आरोप**-मानपुर में शराब की कथित पैकारी और गांवों-मोहल्लों तक शराब पहुंचने के आरोप भी चर्चा में हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी बाकी है। यदि प्रशासन वास्तव में पूरे मामले की तह तक जाना चाहता है तो केवल दुकान के लाइसेंस की जांच से काम नहीं चलेगा। दुकान में स्टॉक कितना आया? कितनी बिक्री हुई? किस मात्रा में शराब निकली? कहां गई? इन सवालों की जांच से ही कथित नेटवर्क की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकती है।

**अब कागजी कार्रवाई नहीं, स्पॉट जांच हो**-स्थानीय नागरिकों की मांग है कि जिला प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम एसएच-10 स्थित दोनों शराब दुकानों का मौके पर निरीक्षण करे। निरीक्षण केवल कुछ मिनट का औपचारिक दौरा नहीं हो, बल्कि यातायात व्यवस्था, दुकान के आसपास का वातावरण, सार्वजनिक शराब सेवन, भीड़, स्कूली बच्चों का आवागमन और स्थानीय नागरिकों की शिकायतों व सभी पहलुओं की जांच की जाए।

### जनता पूछ रही-दोनों दुकानें एसएच-10 पर ही क्यों?

स्थानीय नागरिकों का सबसे बड़ा सवाल शराब बिक्री के अधिकार से ज्यादा दुकानों के स्थान और उसके सार्वजनिक प्रभाव को लेकर है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को यह देखना चाहिए कि दुकानों के आसपास यातायात की स्थिति कैसी है? क्या वहां अनावश्यक भीड़ रहती है? क्या खुले में शराब सेवन की शिकायतें सही हैं? क्या स्कूली बच्चों और महिलाओं को परेशानी होती है? इन सवालों का जवाब कागजों में नहीं, मौके पर पहुंचकर ही मिल सकता है।

# कॉलेज छात्रों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प

▸ नशा मुक्त विकसित भारत अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय में हुआ आयोजन



**नवभारत, अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मध्यप्रदेश शासन के 'नशा मुक्त विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति के प्रति जन-जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश देने हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं डॉ. सीमा डावर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा अध्ययनरत विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए शपथ ग्रहण की।

**नशे से दूर रहने का लिया संकल्प**-शपथ के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ, सुरक्षित एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

**नशामुक्त समाज स्वस्थ एवं समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला**-कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सीमा डावर ने कहा कि नशामुक्त समाज ही स्वस्थ एवं समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला हैं। युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नशामुक्त भारत के संकल्प को जीवन में अपनाने के आह्वान के साथ हुआ।

**ये रहे मौजूद**-कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक आशीष कुमार मरावी, डॉ. निधि सिंह, डॉ. सुनील काकोड़िया, प्रदीप कुमार कहार, डॉ. अनिल कुशराम, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, समीर धुर्वे, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# संगठन की मजबूती पर की गई महत्वपूर्ण चर्चा

▸ विधायक शिवनारायण सिंह ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से की शिष्टाचार भेंट



**उमरिया नवभारत 5 अगस्त।** जिले के बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र से लोकप्रिय और सम्मानित भाजपा विधायक शिवनारायण सिंह (लल्लू भैया) ने देश की राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस विशेष मुलाकात के दौरान विधायक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिवादन किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। बैठक में भारतीय जनता पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त, प्रभावी तथा सक्रिय बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

### स्थानीय मुद्दों पर की विस्तार से चर्चा

इसके साथ ही, बांधवगढ़ क्षेत्र के जनहित से जुड़े विभिन्न स्थानीय मुद्दों और समसामयिक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। क्षेत्रीय विधायक शिवनारायण सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आत्मीय स्नेह, कुशल मार्गदर्शन और व्यस्त समय में से बहुमूल्य वक्त देने के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति निष्ठा दोहराई

मुलाकात के बाद विधायक शिवनारायण सिंह 'लल्लू भैया' ने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के ओजस्वी नेतृत्व में भाजपा संगठन निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। उन्होंने क्षेत्र में राष्ट्र सेवा और विकास के संकल्प को और अधिक मजबूती प्रदान करने की बात कही।

# पटवारियों की हड़ताल से राजस्व कार्य ठप

▸ किसान और आमजन हो रहे परेशान




**शहपुरा नवभारत 5 अगस्त।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल के आह्वान पर प्रदेशभर में पटवारियों की पांच सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यव्यापी कलमबंद हड़ताल लगातार तीसरे दिन भी जारी रही।

इसका असर शहपुरा तहसील में भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जहां तहसील अध्यक्ष जागेश्वर परस्ते के नेतृत्व में सभी पटवारी तहसील परिसर में पंडाल लगाकर हड़ताल में शामिल हुए। पटवारियों की हड़ताल के चलते राजस्व विभाग से जुड़े अनेक आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसान एवं आम नागरिक नामांतरण, बंटवारा, फॉर्मर आईडी, आरओआर ई-केवाईसी, खाद्य टोकन, किसान क्रेडिट कार्ड, आपदा प्रबंधन सहित अन्य राजस्व संबंधी सेवाओं के लिए परेशान हो रहे हैं। वहीं राजस्व न्यायालयों से जुड़े कई प्रकरणों की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है।

**पटवारी संघ की प्रमुख मांगें**-पटवारी संघ की प्रमुख मांगों में कैडर रिव्यू, पदोन्नति, नायब तहसीलदार विभागीय परीक्षा का आयोजन, समयमान वेतनमान का लाभ, जज प्रोटेक्शन एक्ट के दायरे में शामिल करना तथा वर्षों से लंबित मानदेय एवं अन्य देयकों का भुगतान शामिल है। हड़ताल के कारण किसानों को खरीफ सीजन के दौरान आवश्यक दस्तावेज एवं प्रमाणपत्र समय पर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे बैंकिंग एवं कृषि संबंधी कार्यों में भी देरी हो रही है।

# युवक पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

▸ मझौली की वारदात में परिजनों के गंभीर आरोप



**चिल्हारी, उमरिया।** मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मझौली मे विगत 16 जुलाई की रात आग से गंभीर रूप से झुलसे युवक कृष्ण कुमार केवट मृत्यु मामले में मृतक के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाये हैं।

उनका कहना है कि विद्या बाई निवासी मझौली, पंकज साहू निवासी बड़ार और उसके दो साथियों ने कृष्ण कुमार को कमरे में बंद कर उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। अशोक केवट द्वारा पुलिस अधीक्षक को की गई शिकायत मे बताया है कि पूरी घटना का जिक्र करते हुए कहा कि मामले की सूचना डायल-112 को दी गई, जिसके बाद उसे उपचार के लिए शहडोल जिला अस्पताल ले जाया गया।

**युवक 90 प्रतिशत झुलस गया था**-गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज शहडोल, फिर जबलपुर और बाद में बिलासपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। परिजनों के मुताबिक कृष्ण कुमार करीब 90 प्रतिशत तक झुलस गया था और 21 जुलाई को उसकी मौत हो गई। इस संबंध मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा ने बताया कि युवक ने स्वयं आग लगाई थी या उसे आग लगाई गई, यह जांच का विषय है। प्रकरण में मर्ग कायम कर कार्यवाही शुरू की गई है।

# पटवारियों ने खूंटी पर टांगे बस्ते, विभागीय कामकाज हुआ ठप

▸ पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ की हड़ताल



**नवभारत उमरिया 5 अगस्त।** लंबे समय से पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार को अल्टीमेटम दे रहे पटवारियों ने विगत 3 अगस्त से अपने बस्ते खूंटी पर टांग दिये हैं।

राजस्व महकमे के इन महत्वपूर्ण कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर विभागीय कामकाज के अलावा योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर भी पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, मप्र पटवारी संघ के आह्वान पर हुई इस कामबंदी मे जिले के लगभग 170 पटवारी शामिल हैं।

**नहीं हो रही थी सुनवाई**-संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने बताया कि उनका संगठन मांगों के निराकरण के संबंध मे शासन से लगातार आग्रह कर रहा था। कई बार सरकार की ओर से इन्हे पूरा करने का आश्वासन भी दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बीती 8 जुलाई को समस्त जिलों मे मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। इसके बाद भी जब कोई निर्णय नहीं लिया गया तो पटवारियों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ा।

**टकराव बढ़ा तो होगी दिक्कत**-पटवारियों की हड़ताल का जिले के राजस्व संबंधी कामकाज के अलावा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों पर भी असर पड़ रहा है। विशेषकर फॉर्मर रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सीमांकन, बंटवारा, फौती नामांतरण और जाति प्रमाण पत्र जैसे रोजमर्रा के कार्यों पर इसका विपरीत असर पड़ा है। यदि हड़ताल लंबी खिंची तो किसानों, ग्रामीणों और आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

**इन मांगों पर अड़े पटवारी**-पटवारी संघ की पांच सूत्रीय मांगों में कैडर रिव्यू लागू करना, पदोन्नति एवं समयमान वेतनमान, नायब तहसीलदार की विभागीय परीक्षा आयोजित करना, जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारियों को शामिल करना, वित्तीय लंबित भुगतान कराना तथा नियमविरुद्ध किए गए स्थानांतरण रद्द करना शामिल है।

### मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी हड़ताल : यादव

लेक्ट्रेट परिसर के समक्ष चल रही हड़ताल मे बैठे संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव एवं हड़ताली पटवारियो ने नवभारत को बताया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, यह हड़ताल जारी रहेगी।

# दो बाइकों की भिड़त में एक गंभीर घायल

▸ डॉक्टर और ग्रामीण की बाइक में आमने-सामने टक्कर



**उमरिया नवभारत 5 अगस्त।** जिले के नौरोजाबाद क्षेत्र में न्यू पेट्रोल पंप (हनुमान टेक) के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में डगडौआ निवासी अंकित बर्मन गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिरसिंहपुर पाली में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, नौरोजाबाद निवासी डॉक्टर के एल बघेल पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाकर अपने कार्य पर जा रहे थे। इसी दौरान डगडौआ की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक उनकी बाइक से टकरा गई।

**डॉ. केएल बघेल को मामूली चोट आयीं**-इस दुर्घटना में डॉ. केएल बघेल को मामूली चोटें आई हैं और उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पेट्रोल पंप के सामने आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात नियंत्रण को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# अंधे कत्ल का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

▸ अमरपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता



**चिल्हारी नवभारत 5 अगस्त।** जिले के इंदवार थाना अंतर्गत पुलिस चौकी अमरपुर क्षेत्र के ग्राम बगहिया में वर्ष 2022 में हुए चर्चित रामखेलावन जायसवाल हत्याकांड में अमरपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे तीसरे आरोपी प्रमोद कुमार मौर्य को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के घेरावल, जिला सोनभद्र से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, मृतक रामखेलावन जायसवाल का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने सुनियोजित ढंग से हत्या की साजिश रची। जांच में सामने आया कि सह-आरोपियों ने अपने साथी प्रमोद कुमार मौर्य पिता कृष्ण मुरारी मौर्य को बुलाकर योजना बनाई। यह जानते हुए कि रामखेलावन प्रतिदिन जंगल के रास्ते से आता-जाता था, आरोपियों ने उसी स्थान पर उसे रोक लिया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गहन जांच और पूछताछ की। जांच में हत्या की साजिश का खुलासा होने पर मामले में शामिल पिता-पुत्र को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, जबकि तीसरा आरोपी प्रमोद कुमार मौर्य फरार चल रहा था। लगातार प्रयासों और मुखबिर तंत्र की सहायता से अमरपुर पुलिस ने आरोपी का घेरावल, जिला सोनभद्र (उप्र) से गिरफ्तार किया।

# सरपंच की अनुपस्थिति से पंचायत के प्रस्ताव अटके

▸ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, विकास कार्यों की स्वीकृति लंबित होने का आरोप



**शहपुरा नवभारत 5 अगस्त।** जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायत मरवारी में सरपंच की लगातार ग्रामसभा से अनुपस्थिति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शहपुरा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत शहपुरा को शिकायत सौंपकर सरपंच पर ग्रामसभा की बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने, पंचायत के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न करने तथा मजदूरों का भुगतान लंबित रखने के आरोप लगाए हैं।

### लगातार अनुपस्थित रहते हैं सरपंच

शिकायत के अनुसार 1 अगस्त को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्रामसभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी, लेकिन सरपंच बैठक में उपस्थित नहीं हुए। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है, बल्कि लगातार अनुपस्थिति के कारण पंचायत के कई आवश्यक प्रस्ताव लंबित पड़े हुए हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

### आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। साथ ही ग्रामसभा की बैठकों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने तथा लंबित विकास कार्यों को तकनीकी स्वीकृति (टीएस) एवं प्रशासनिक स्वीकृति (एएस) दिलाने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत में लगभग एक माह पहले शुरू हुआ सीसी सड़क निर्माण कार्य बीच में ही बंद हो गया है।

### योजनाओं को समय पर स्वीकृति नहीं मिल पा रही

ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि सरपंच की गैरहाजिरी के कारण लघु पशुपालन, जल संरक्षण, कंटूर ट्रेंच, विभिन्न निर्माण कार्यों तथा आजीविका मिशन से संबंधित योजनाओं को समय पर स्वीकृति नहीं मिल पा रही है। इसके चलते पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलने में देरी हो रही है और पंचायत का विकास प्रभावित हो रहा है।

प्रेसवार्ता

उच्च न्यायालय के निर्णय का एनएसयूआई ने किया स्वागत

# प्रत्यक्ष प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव नहीं तो आंदोलन



**उमरिया नवभारत 5 अगस्त।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा बुधवार दोपहर 2 बजे एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव अदनान अंसारी की याचिका पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा अकादमिक कैलेंडर 2026-27 के अनुसार सितंबर माह में छात्रसंघ चुनाव आयोजित कराने के दिए गए निर्देशों का स्वागत किया गया तथा प्रदेश सरकार से प्रत्यक्ष (डायरेक्ट/प्रेसिडेंशियल) प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग की गई।

### अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिलना चाहिए

इस अवसर पर जिला कांग्रेस महासचिव पुष्पराज सिंह एवं जिला अध्यक्ष मो. असलम शेर ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव कराने भर से उद्देश्य पूरा नहीं होगा, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने प्रतिनिधि सीधे चुनने का अधिकार मिलना चाहिए। इसलिए प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में प्रत्यक्ष (डायरेक्ट/प्रेसिडेंशियल) प्रणाली से छात्रसंघ चुनाव कराए जाएं।

### छात्रसंघ लोकतंत्र की पहली पाठशाला है : सिंह

जिला कांग्रेस महासचिव पुष्पराज सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के निर्णय के बाद छात्रसंघ चुनाव कराना स्वागत योग्य कदम है। हमारी मांग है कि चुनाव पूरी तरह प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाएं, ताकि प्रत्येक विद्यार्थी अपने मताधिकार का उपयोग कर सीधे अपने प्रतिनिधियों का चुनाव कर सके। छात्रसंघ लोकतंत्र की पहली पाठशाला है और हर छात्र को समान मतदान का अधिकार मिलना चाहिए।

### इनकी रही उपस्थिति

प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के मनोज सिंह, एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष कृष्णकांत तिवारी, कॉलेज अध्यक्ष आकाश द्विवेदी, एनएसयूआई सचिव रचना यादव, हेमलता, दीपाक्षी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# सड़क हादसे में 45 वर्षीय बाइक सवार घायल

▸ 112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया

**चिल्हारी, उमरिया।** जिले के इंदवार थाना अंतर्गत अमरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम चिल्हारी के सुभाषनगर टर्निंग के पास बुधवार देर शाम एक सड़क दुर्घटना में लगभग 45 वर्षीय बाइक सवार घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल की पहचान चुपाली कोल (लगभग 45 वर्ष), निवासी ग्राम देवगवा, के रूप में हुई है। बताया गया कि चुपाली अपनी ससुराल ग्राम चिल्हारी आया हुआ था। देर शाम वह अपने घर देवगवा लौट रहा था, तभी सुभाषनगर टर्निंग के पास दुर्घटना का शिकार हो गया।

हादसे में चुपाली को सिर एवं मुंह पर चोटें आई हैं।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नवभारत प्रतिनिधि ने तत्काल डायल 112 की सहायता लेते हुए घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरपुर भेजा गया। मिली प्राथमिक जानकारी के अनुसार घायल की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।